दैनिक भास्कर 15/11/2022

# न्यूज रीडिंग में निकिता व फोटोग्रॉफी में कुनाल अव्वल



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में मास कम्युनिकेशन व वीडियो प्रोडक्शन विभाग की ओर से न्यूज रीडिंग, फोटोग्राफी व न्यूज रिपोर्टिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने बताया कि निर्णायक मंडल में डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रपाल पूनिया और प्रो. पारुल रहे। न्यूज रीडिंग में छात्रा निकिता को पहला, श्रुति को दूसरा व रूपाली को तीसरा स्थान मिला। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में कुणाल को पहला, सुमित को दूसरा व विशेष सहगल को तीसरा स्थान मिला। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।